बीएसएल में अत्याधुनिक पर्यावरण प्रयोगशाला का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

15 जनवरी, 2022 को बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (संकार्य), अतनु भौमिक ने बोकारो स्टील प्लांट की नई पुनर्निर्मित हाईटेक पर्यावरण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार बनी यह प्रयोगशाला नवीनतम तकनीकों और संयंत्र की विभिन्न इकाइयों की पर्यावरणीय पैरामीटर निगरानी के लिये आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें एफ्लुएंट पैरामीटर मॉनिटरिंग, स्टैक उत्सर्जन निगरानी, कार्य क्षेत्र वायु गुणवत्ता निगरानी और शोर निगरानी शामिल हैं।
- प्रयोगशाला टाउनशिप और बोकारो जनरल अस्पताल की पर्यावरण निगरानी आवश्यकताओं को भी पूरा करेगी। प्रयोगशाला में पीने के पानी के विभिन्न मापदंडों की जाँच और निगरानी करने की सुविधा है।
- इसके साथ ही यह अत्याधुनिक तकनीकों, जैसे- स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, स्टैक एमिशन किट, गैस एनालाइजर, बीओडी इनक्यूबेटर, वर्क-ज़ोन वायु गुणवत्ता मॉनिटर, पीएच मीटर, टीडीएस मीटर, नॉइस मॉनिटर और हैक निर्मित मल्टी-पैरामीटर मापने के उपकरण से लैस है।
- इसके अलावा प्रयोगशाला 5एस और आईएसओ 14001 प्रमाणित है। इस प्रयोगशाला का नवीनीकरण महाप्रबंधक (पर्यावरण नियंत्रण) एन. पी. श्रीवास्तव के नेतृत्व में पर्यावरण नियंत्रण विभाग की टीम द्वारा किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-state-of-the-art-environmental-laboratory-at-bsl